FORM NO. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत जिला कलक्टर झुंझुनू

कमल केशवानी पुत्र स्व. श्री गोविन्द केशवानी जाति महाजन निवासी 137 नर्मदा अपार्टमेन्ट अलाकान्दा न्यू दिल्ली 110048 **बनाम** राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार सूरजगढ, जिला झुंझुनूं वगैरह।

किस्म मुकदमा अपील नामान्तरकरण अपील सं. 74 सन् 2019

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
19.09.2019	प्रस्तुत अपील बाद जांच रिपोर्ट पेश हुई। जांच रिपोर्ट के अनुसार क्षेत्राधिकार के संबंध मे राजकीय अभिभाषक से टिप्पणी ली गई। टिप्पणी के अनुसार जहां पर दोनों पक्ष उपस्थित होकर नामान्तकरण तस्दीक पर प्रतिवाद या कन्टेस्ट का विवाद कर रहे हो तो ऐसा आदेश भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 135 (2) मे भू–अभिलेख अधिकारी का होगा और उसकी अपील निदेशक (भू–अभिलेख यानि वर्तमान मे संबंधित संभागीय आयुक्त/अतिरिक्त संभागीय आयुक्त) को होगी। क्षेत्राधिकार के बिन्दु पर बहस सुनी गई। वकील अपीलान्ट ने बहस के दौरान कथन किया कि अदालत मातहत के समक्ष अपीलान्ट का कोई कन्टेस्ट विवाद नहीं रहा है। राजकीय अभिभाषक द्वारा की गई टिप्पणी प्रकरण पर लागु नहीं होती है। अतः अपीलान्ट की अपील क्षेत्राधिकार में मानी जाकर सुनवाई हेतु दिनांक नियत कर दी जावें। राजकीय अभिभाषन ने बहस के दौरान वकील अपीलान्ट के कथनों का विरोध किया तथा टिप्पणी में अंकित कथनों की पुनरावर्ती करते हुये तर्क प्रस्तुत किया कि जहां पर दोनों पक्ष उपस्थित होकर नामान्तकरण तस्दीक पर प्रतिवाद या कन्टेस्ट का विवाद कर रहे हो तो ऐसा आदेश भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 135 (2) मे भू–अभिलेख अधिकारी का होगा और उसकी अपील निदेशक (भू–अभिलेख यानि वर्तमान मे संबंधित संभागीय आयुक्त/अतिरिक्त संभागीय आयुक्त) को होगी। अदालत मातहत ने कोई नामान्तकरण दर्ज नहीं किया है। जिसकी बाबत अपीलान्ट ने अपील प्रस्तुत की हो। अतः अपीलान्ट की अपील क्षेत्राधिकार में नहीं होने से खारिज फरमाई जावें। हमने बहस वकील पक्षकारान पर मनन किया तथा पत्रावली के संलग्न दस्तावेजों का भी अवलोकन किया, प्रकरण में राजकीय अभिभाषक द्वारा की गई टिप्पणी पूर्णतया चस्पा होती है। अतः अपीलान्ट की अपील क्षेत्राधिकार में नही होने से खारिज की जाती है। निर्णय का रिकार्ड रखे जाने हेतु प्रकरण रजिस्टर में दर्ज होकर नम्बर से कम हो। (रवि जैन) जिला कलक्टर, झुझुनू जिला कलेक्टर झुन्झुनू	